बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-315
12/09/2019

पूर्व मंत्री तुलसी दास मेहता के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- ✓ राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना, 12 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री एवं वयोवृद्ध समाजवादी नेता तुलसी दास मेहता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता के साथ ही प्रखर समाजवादी थे। स्व0 मेहता अपने मृदुभाषी स्वभाव और राजनीति में अपने उच्च आदर्शों के लिये सदैव जाने जाते रहे। उनके इसी व्यवहार के कारण वे अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय भी रहे। उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

स्व0 तुलसी दास मेहता का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******